अध्याय

# 15 तार्किक निगमन

## Logical Deduction

*तार्किक अर्थात् तर्कशक्ति के नियमों के आधार पर वैध अनुमान या निष्कर्ष तक पहुँचने की क्रिया को तार्किक निगमन कहते हैं। इस प्रकार तार्किक निगमन में विचारों को भाषा में प्रकट किया जाता है। अधिकतर परीक्षाओं में तार्किक निगमन पर आधारित तीन प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं*

1. **कथन एवं निष्कर्ष** (Statement and Conclusions) इसके अन्तर्गत एक कथन तथा उसके नीचे दो निष्कर्ष दिए गए होते हैं। दिए गए कथन सर्वमान्य मान्यताओं एवं अवधारणाओं के बिल्कुल परे ही क्यों न हों यानि कि असत्य ही क्यों न हों फिर भी उन्हें सत्य मानकर तथा सर्वज्ञात तथ्यों को अवहेलना करते हुए यह ज्ञात करना होता है कि दिए गए कथन के आधार पर दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से निकलता है।
2. **कथन एवं वेन आरेख** (Statement and Venn Diagram) इसके अन्तर्गत दो कथन तथा उसके नीचे दो निष्कर्ष दिए गए रहते हैं। परीक्षार्थियों को कथनों के वेन आरेख के माध्यम से उचित निष्कर्ष पर पहुँचना होता है जो कि कथन का वैध रूप से अनुवर्तन करते हैं।
3. **कथन एवं पूर्वानुमान** (Statement and Assumptions) पूर्वानुमान का अर्थ है कि मानी गयी या अप्रत्यक्ष रूप से परिकल्पित अवधारणा, जो कि किसी कथन में सन्निहित यर्थाथ् को निरूपित करता है।
इसके अन्तर्गत एक कथन तथा उसके नीचे दो पूर्वानुमान दिये गए रहते हैं। परीक्षार्थियों का कथन पर विचार करके यह ज्ञात करना होता है कि कौन-सा पूर्वानुमान कथन में पूर्णतया अन्तर्निहित है।

## साधित उदाहरण

**1.** निम्न प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिनके नीचे दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए दोनों कथन सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न रखने वाले हों फिर भी आप उन दोनों कथनों को सत्य मानकर और सर्वज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों के आधार पर तर्क संगत रूप से निकलता है?
(1) यदि केवल I निष्कर्ष निकलता है
(2) यदि केवल II निष्कर्ष निकलता है
(3) यदि निष्कर्ष I अथवा निष्कर्ष II निकलता है
(4) यदि निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं
(5) यदि निष्कर्ष I और II दोनों में से कोई भी नहीं निकलते हैं

**कथन** सभी सैनिक पुरुष हैं।
कुछ नागरिक सैनिक हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ नागरिक पुरुष हैं।
II. सभी सैनिक नागरिक हैं।

**हल** *(1)* कथन से स्पष्ट है कि निष्कर्ष I 'कुछ नागरिक पुरुष हैं' निकलता है। 'सभी सैनिक नागरिक हैं'। यह निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**2.** निम्न प्रश्न में एक कथन के साथ चार उत्तर-विकल्प दिये गये हैं। उन विकल्पों में से एक दिये गये कथन की पुष्टि करता है। आप सही विकल्प ज्ञात कीजिए।
बहादुरी में सदैव होता है
(1) शक्ति (2) कार्य (3) साहस
(4) चतुराई (5) विद्वता

**हल** *(3)* बहादुरी का मूल तत्व साहस होता है। अत: बहादुरी में सदैव साहस होता है।

# अभ्यास प्रश्न

**निर्देश** (प्र.सं. 1 और 2) *निम्नलिखित दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिनके नीचे दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए दोनों कथन सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न रखने वाले हो फिर भी आप उन दोनों कथनों को सत्य मानकर और सर्वज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों के आधार पर तर्कसंगत रूप से निकलता है?*

(1) यदि केवल I निष्कर्ष निकलता हो
(2) यदि केवल II निष्कर्ष निकलता हो
(3) यदि केवल I और II दोनों निकलते हो
(4) यदि न तो I और न ही II निष्कर्ष निकलता हो
(5) यदि निष्कर्ष I अथवा निष्कर्ष II निकलता हो

**1. कथन** सभी पेन्सिल ईंटें हैं।
सभी ईंटें बोतल हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ बोतल पेन्सिल हैं।
II. कुछ बोतल ईंटें हैं।

**2. कथन** सभी मनुष्य टेबुल हैं।
सभी टेबुल स्नातक हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी टेबुल मनुष्य हैं।
II. सभी मनुष्य स्नातक हैं।

**निर्देश** (प्र.सं. 3 और 4) *निम्नलिखित दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न और उसके नीचे दो तर्क दिये गये हैं; जिन्हें I और II क्रमांक दिया गया है। आपको यह तय करना है कि इनमें से कौन-सा तर्क प्रबल है और कौन-सा तर्क निर्बल है?*

(1) यदि केवल तर्क I प्रबल हो
(2) यदि केवल तर्क II प्रबल हो
(3) यदि I और II दोनों तर्क प्रबल हो
(4) यदि न तो I और न ही II प्रबल हो
(5) यदि तर्क I अथवा तर्क II प्रबल हो

**3. कथन** क्या सरकार को शिक्षा नि:शुल्क कर देना चाहिए?
**तर्क** I. हाँ, बहुत से लोग शिक्षित हो जायेंगे।
II. नहीं, इससे सरकार के बजट में घाटा होगा।

**4.** क्या राजकीय लॉटरी को बंद कर देना चाहिए?
**तर्क** I. हाँ, सरकार को जुआ खेलने की आदत को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।
II. नहीं, सरकार को कर से प्राप्त होने वाली बहुत बड़ी धनराशि का नुकसान होगा।

**निर्देश** (प्र.सं. 5 और 6) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है, जिसके नीचे इन पर आधारित दो निष्कर्ष I एवं II दिये गये हैं। दिये गये कथन सर्वमान्य मान्यताओं से सर्वथा विपरीत ही क्यों न हों फिर भी आपको उन्हें सत्य मानना है। इसकें बाद आपको दिये गए कथन तथा निष्कर्षों पर विचार करते हुए यह निर्णय करना है कि दिए गए कथन के आधार पर दिये गये निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से निकलता है?*

(1) यदि केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत हो
(2) यदि केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत हो
(3) यदि निष्कर्ष I एवं II दोनों ही तर्कसंगत हों
(4) यदि न तो I और न ही II निष्कर्ष तर्कसंगत हो
(5) यदि निष्कर्ष I अथवा निष्कर्ष II तर्कसंगत हो

**5. कथन** भारत की निर्धनता का बेरोजगारी एक प्रमुख कारण है।
**निष्कर्ष** I. निर्धनता को समाप्त करने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है।
II. देश में सभी व्यक्ति बेरोजगार हैं।

**6. कथन** कलम तलवार से ज्यादा ताकतवर होती है।
**निष्कर्ष** I. कलम तलवार से अधिक मजबूत धातु की बनी होती है
II. दिमाग की शक्ति शरीर की पाश्विक शक्ति से कहीं अधिक होती है।

**निर्देश** (प्र.सं. 7 और 8) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दो कथन, दो निष्कर्षों I और II द्वारा अनुवर्तित हैं। यह मानते हुए कि दिए गए कथन सत्य हैं, भले ही सामान्यत: ज्ञात तथ्यों के साथ संगत न हों, निम्नलिखित उत्तर-विकल्पों में से एक को चुनिए जिसे आप सही मानते हों।*

(1) यदि निष्कर्ष I अनुवर्तन करता है
(2) यदि निष्कर्ष II अनुवर्तन करता है
(3) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुवर्तन करते हैं
(4) न तो I और न ही II अनुवर्तन करते हैं
(5) यदि निष्कर्ष I अथवा निष्कर्ष II अनुवर्तन करते हैं

**7. कथन** सभी अध्यापक प्रगतिशील होते हैं।
सभी प्रगतिशील व्यक्ति विद्वान होते हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी अध्यापक विद्वान होते हैं।
II. जो विद्वान नहीं होते वे प्रगतिशील नहीं होते हैं।

**8. कथन** सभी दरवाजे खिड़कियाँ हैं।
कुछ खिड़कियाँ दीवारें हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी दरवाजे दीवारें हैं।
II. कुछ खिड़कियाँ दरवाजे हैं।

**निर्देश** (प्र.सं. 9 और 10) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ दी गई हैं; जिन्हें क्रमांक I और II से दर्शाया गया है। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्णधारणा कहलाती है। आपको दिये हुए कथन और दी हुई पूर्व धारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दोनों पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा कथन में सन्निहित है, इसका निर्णय करना है?*

(1) यदि केवल पूर्वधारणा I में सन्निहित है
(2) यदि केवल पूर्वधारणा II में सन्निहित है
(3) यदि पूर्वधारणा I और II दोनों कथनों में सन्निहित है
(4) यदि न तो I और न ही II पूर्वधारणा कथन में सन्निहित है
(5) यदि पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II कथन में सन्निहित है

**9. कथन** वैधानिक चेतावनी सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
**पूर्वधारणाएँ** I. सिगरेट नहीं पीने से स्वास्थ्य में वृद्धि होती है।
II. वास्तव में इस चेतावनी की कोई जरूरत नहीं है।

**10. कथन** सभी व्यक्ति समाचार-पत्र पढ़ना पसंद करते हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. समाचार-पत्र पढ़ने के लिए होते हैं।
II. प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित हैं।

**निर्देश** (प्र.सं. 11 और 12) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा उसके नीचे दो कार्यवाहियाँ दी गई हैं; जिन्हें क्रमांक I एवं II दिया गया है। कोई भी कार्यवाही कथन में दी गई जानकारी के आधार पर उठाई गई समस्या या नीति से संबंधित ऐसा कदम या प्रशासनिक निर्णय होता है, जो कि समस्या से संबंधित किसी सुधार, अनुवर्ती कार्यवाहियों अथवा किसी आगामी कार्यवाही करने के लिए लिया जाता है। आपको कथन में दी गई प्रत्येक बातें सत्य माननी है और फिर निर्णय करना है कि सुझायी गयी दो कार्यवाहियों में से कौन-सी अनुगमन हेतु तर्कसंगत प्रतीत होती है?*

(1) यदि केवल कार्यवाही I तर्कसंगत है
(2) यदि केवल कार्यवाही II तर्कसंगत है
(3) यदि I एवं II दोनों कार्यवाहियाँ तर्कसंगत हैं
(4) यदि न तो I और न ही II कार्यवाही तर्कसंगत हैं
(5) यदि कार्यवाही I या कार्यवाही II तर्कसंगत हैं

**11. कथन** पूर्वोत्तर राज्यों की आर्थिक स्थिति लगातार दयनीय होते जा रही है, जिसकी वजह है उद्योगों का लगातार घाटा में चलना।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को पूर्वोत्तर राज्यों में औद्योगिकरण को बढ़ावा देना चाहिए।
II. राज्य सरकार को अपने तमाम कर्मचारियों का वेतन भुगतान रोक देना चाहिए।

**12. कथन** रेलवे विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से आए दिन रेलवे दुर्घटना हो रही है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को कड़ी-से-कड़ी सजा देनी चाहिए साथ-ही-साथ नौकरी से निष्कासित कर देना चाहिए।
II. सरकार को रेलवे विभाग को पूर्णत: कम्प्यूटरीकरण कर देना चाहिए।

**निर्देश** (प्र.सं. 13-15) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक कथन के साथ कई वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। इन वैकल्पिक उत्तरों में से सिर्फ एक दिये हुए कथन की पुष्टि करता है। उस सही विकल्प को ज्ञात कीजिए।*

**13.** निर्वाचन में सदैव होता है
(1) भाषण (2) नारा (3) जुलूस (4) उम्मीदवार
(5) पोस्टर

**14.** विवाद में सदैव होता है
(1) घृणा (2) क्रोध (3) अन्याय (4) असम्मति
(5) मार-पीट

**15.** नदी में सदैव होता है
(1) पानी (2) मछली (3) किनारा (4) नाव
(5) साँप

**16.** यदि हम दक्षिण की ओर प्रात: काल जा रहे हैं, तो हमारे बाएँ ओर सूर्य निकलता दिखायी देगा?
(1) सदैव (2) कभी-कभी (3) कभी नहीं (4) प्राय:
(5) इनमें से कोई नहीं

**17.** एक लड़का कार में पिछली सीट पर बैठा है, जब कार का ड्राइवर यकायक कार आगे की ओर चलने के लिए स्टार्ट करता है, तो लड़का पीछे की ओर झुक जाता है।
(1) सदैव (2) कभी-कभी
(3) कभी नहीं (4) प्राय:
(5) इनमें से कोई नहीं

**18.** मेरी सोलह वर्षीय भतीजी मेरी अट्ठारह वर्षीय लड़की से अधिक लम्बी है।
(1) सदैव (2) कभी-कभी
(3) कभी नहीं (4) प्राय:
(5) इनमें से कोई नहीं

**19.** भारत में कोई महिला अपने मृतक पति के भाई के साथ विवाह कर सकती है,यद्यपि कोई व्यक्ति अपनी मृतक पत्नी की बहन के साथ विवाह नहीं कर सकता है।
(1) सदैव (2) कभी-कभी
(3) कभी नहीं (4) प्राय:
(5) इनमें से कोई नहीं

**20.** कल ही मैंने बर्फ का एक टुकड़ा देखा था, जो कि पास के चूल्हे की गर्मी से पिघल चुका था।
(1) सदैव (2) कभी-कभी
(3) कभी नहीं (4) प्राय:
(5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र.सं. 21-25) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दिए हुए पाँच विकल्पो में से कौन-सा विकल्प शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?*

**21.** 1. तना 2. जड़ 3. फल 4. फूल 5. शाखा 6. पत्ती
(1) 2, 1, 5, 6, 4, 3 (2) 4, 5, 6, 1, 3, 2
(3) 1, 2, 4, 3, 5, 6 (4) 6, 4, 5, 3, 2, 1
(5) 6, 5, 4, 3, 2, 1

**22.** 1. शिशु 2. वृद्ध 3. प्रौढ़ 4. किशोर 5. बालक
(1) 5, 4, 3, 2, 1 (2) 3, 4, 2, 1, 5
(3) 1, 5, 4, 3, 2 (4) 2, 3, 4, 5, 1
(5) 1, 2, 3, 4, 5

**23.** 1. दूध 2. घास 3. लस्सी 4. गाय 5. दही
(1) 3, 2, 4, 1, 5 (2) 2, 4, 1, 5, 3
(3) 4, 1, 5, 3, 2 (4) 3, 5, 2, 1, 4
(5) 1, 2, 3, 4, 5

**24.** 1. लकड़ी 2. किताब 3. कारखाना 4. कागज 5. छापना
(1) 1, 3, 4, 5, 2 (2) 2, 5, 1, 3, 4
(3) 3, 1, 4, 5, 2 (4) 4, 2, 3, 1, 5
(5) 1, 2, 3, 4, 5

**25.** 1. परिवीक्षाकाल 2. साक्षात्कार 3. चयन 4. नियुक्ति 5. विज्ञापन 6. आवेदन-पत्र
(1) 5, 6, 4, 2, 3, 1
(2) 5, 6, 3, 2, 4, 1
(3) 5, 6, 2, 3, 4, 1
(4) 6, 5, 4, 2, 3, 1
(5) 6, 5, 4, 3, 2, 1

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (3) | **2.** (2) | **3.** (3) | **4.** (2) | **5.** (1) | **6.** (2) | **7.** (1) | **8.** (2) | **9.** (4) | **10.** (1) |
| **11.** (4) | **12.** (1) | **13.** (4) | **14.** (4) | **15.** (3) | **16.** (1) | **17.** (1) | **18.** (2) | **19.** (2) | **20.** (3) |
| **21.** (1) | **22.** (3) | **23.** (2) | **24.** (1) | **25.** (3) | | | | | |

# संकेत एवं हल

**1.** जब दोनों कथन पूर्णव्यापी सकारात्मक (Universal Affirmative) हो तथा साथ ही मध्यपद (Middle Term) व्याप्त हो, तो निष्कर्ष हमेशा, पूर्ण व्यापी सकारात्मक में निकलते हैं। यहाँ निष्कर्ष I सभी पेन्सिल बोतल हैं होना चाहिए, जबकि निष्कर्ष I में 'कुछ बोतल पेन्सिल हैं' को दर्शाया गया है, जोकि निगमनात्मक निष्कर्ष का एक वैध रुपान्तरण (Conversion) है। इसी प्रकार निष्कर्ष II 'कुछ बोतल ईंटे हैं दूसरा कथन 'सभी ईंटे बोतल हैं' का एक वैध रूपान्तरण है।
अत: निष्कर्ष I एवं II दोनों तर्कसंगत रूप से निकलते हैं।

**2.** जब दोनों कथन पूर्वव्यापी सकारात्मक (Universal Affirmative) हो तथा साथ ही मध्यपद (Middle Term) व्याप्त हो, तो न्याय के नियमानुसार निष्कर्ष हमेशा 'पूर्णव्यापी सकारात्मक' में निकाले जाते हैं। यहाँ निष्कर्ष I अवैध है, क्योंकि इसमें मध्यपद 'टेबुल' का प्रयोग किया गया है, जो कि न्याय के नियम के विरुद्ध है। जबकि निष्कर्ष II 'सभी मनुष्य स्नातक हैं' निगमनात्मक न्याय के नियमानुसार एक वैध निष्कर्ष है।
अत: केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत रूप से निकलता है।


**3.** यदि शिक्षा को नि: शुल्क कर दिया जाय, तो ऐसे व्यक्ति भी पढ़ने लगेंगे, जोकि पैसे के अभाव में पढ़ने में असक्षम थे और इस प्रकार बहुत सारे लोग शिक्षित हो जायेंगे। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी होगा कि जो राशि शुल्क के रूप में सरकार को मिलती थी वह नि: शुल्क होने की वजह से प्राप्त नहीं हो सकेगा और इसका प्रभाव बजट पर पड़ेगा।
अत: यहाँ दिया गया तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

**4.** व्यक्ति अपनी इच्छा से जुआ खेलते हैं। अत: तर्क I प्रबल नहीं है। जबकि तर्क II प्रबल है, क्योंकि सरकार को लॉटरी से बहुत अधिक कर की प्राप्ति होती है, जो कि बंद करने पर प्राप्त नहीं हो सकेगी।
अत: केवल तर्क II प्रबल है।


**5.** भारत की निर्धनता का बेरोजगारी एक प्रमुख कारण है यानि कि यदि बेरोजगारी को दूर कर दिया जाय, तो निर्धनता को समाप्त किया जा सकता है।
अत: केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है।

**6.** कलम चलाने के लिए दिमागी शक्ति की आवश्यकता होती है, जबकि तलवार चलाने के लिए पाश्विक शारीरिक शक्ति की आवश्यक होती है। दिमाग की शक्ति पाश्विक शारीरिक शक्ति से कहीं अधिक होती है।
अत: केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है।

**7.** कथन के आधार पर निष्कर्ष I सभी अध्यापक विद्वान होते हैं। स्पष्ट रूप से सही है।




**8.** कथन के आधार पर निष्कर्ष II कुछ खिड़कियाँ दरवाजे हैं। स्पष्ट रूप से सही है।




**9.** पूर्णधारणाएँ I तथा II दोनों गलत हैं। चूँकि सिगरेट नहीं पीने से स्वास्थ्य में वृद्धि या कमी होती है इस बात का कथन से कोई सम्बन्ध नहीं है। साथ ही कोई भी चेतावनी तभी दी जाती है, जबकि उसकी जरूरत महसूस होती हो, यानि कि पूर्वधारणा II के अनुसार वास्तव में इस चेतावनी की कोई जरूरत नहीं है, यह बिल्कुल गलत पूर्वधारणा है।
अत: न तो I और न ही II दोनों में से कोई भी पूर्णधारणा कथन में सन्निहित नहीं है।

**10.** पूर्णधारणा I बिल्कुल कथन में सन्निहित है। चूँकि समाचार-पत्र पढ़ने के लिए होते हैं; इसलिए सभी व्यक्ति इसे पढ़ना पसंद करते हैं। कथन में पढ़ने पर जोर दिया गया है। जबकि पूर्वधारण II में प्रत्येक व्यक्ति की बात कह कर इसे कथन से व्यापक कर दिया गया है, क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि प्रत्येक व्यक्ति समाचार-पत्र पढ़ना ही पसंद करें। अत: पूर्वधारणा II गलत है।
अत: केवल पूर्णधारणा I कथन में सन्निहित है।

**11.** आर्थिक स्थिति के लगातार दयनीय होने के कारण उद्योगों में लगातार घाटा है। अत: इस स्थिति में औद्योगिकरण को बढ़ावा देना उपयुक्त कदम नहीं है, बल्कि घाटा को कम करने के उपाय एवं घाटा की वजह या निराकरण जरूरी है। साथ-ही-साथ राज्य सरकार को अपने तमाम कर्मचारियों को वेतन भुगतान को रोक देना भी एक गलत निर्णय है, क्योंकि इससे और एक नयी समस्या उत्पन्न हो जाएगी।
अत: कार्यवाही I और II दोनों ही असंगत हैं।

**12.** कम्प्यूटरीकरण करने के बाद भी कर्मचारियों की सेवा लेनी पड़ेगी ही अत: इसकी क्या गारण्टी है कि कम्प्यूटरीकरण सेवा में भी लापरवाही न बरती जाय, क्योंकि कर्मचारी तो वहीं रहेंगे। अत: कार्यवाही II असंगत है। जबकि कार्यवाही I तर्कसंगत है, क्योंकि यदि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कड़ी-से-कड़ी सजा दी जाए तथा साथ ही साथ नौकरी से भी निष्कासित कर दिया जाए तो अवश्य ही कर्मचारी अपने कार्य के प्रति सचेत रहेंगे और इस प्रकार निश्चित ही रेलवे दुर्घटना कम हो जायेगी।
अत: केवल कार्यवाही I अनुगमन हेतु तर्कसंगत है।

**13.** निर्वाचन में सदैव उम्मीदवार होता है, क्योंकि उम्मीदवार के बिना निर्वाचन सम्भव नहीं है।

**14.** विवाद में सदैव असम्मति होता है, क्योंकि विवाद का अर्थ होता है, दो विभिन्न विचारों पर बातचीत।

**15.** नदी में सदैव किनारे होते हैं; क्योंकि बिना किनारों के नदी बन नहीं सकती है।

**16.** यदि हम दक्षिण की ओर प्रात: काल जायेंगे तो हमारा मुँह दक्षिण की ओर होगा तथा बायाँ हाथ पूर्व दिशा की ओर होगा। सूर्य प्रात: काल में पूर्व दिशा में निकलता है। अत: दक्षिण की ओर प्रात: काल जाने पर सूर्य सदैव बायें हाथ की ओर निकलता दिखायी देगा।

**17.** कार के यकायक चलने पर न्यूटन के जड़त्व के नियमानुसार सीट पर बैठा हुआ लड़का सदैव पीछे की ओर झुक जाएगा।

**18.** चूँकि किसी भी व्यक्ति की ऊँचाई केवल उम्र पर ही निर्भर नहीं करती है, बल्कि ऊँचाई को प्रभावित करने वाले अन्य कारक भी हैं। अत: ऐसा कभी-कभी होता हैं।

**19.** चूँकि भारत में ऐसा कोई आम रिवाज नहीं है। अत: यह कभी-कभी हो सकता है।

**20.** जब बर्फ का टुकड़ा चूल्हे के पास होता है, तो वह चूल्हे की गर्मी से पिघलकर पानी हो जायेगा। अत: यह कभी नहीं हो सकता है कि बर्फ पिघल चुकने के बाद भी बर्फ के टुकड़े को देखा जाये।

**21.** सार्थक अनुक्रम निम्न है
2. जड़, 1. तना, 5. शाखा, 6. पत्ती, 4. फूल, 3. फल

**22.** सार्थक अनुक्रम निम्न है
2. शिशु, 5. बालक, 4. किशोर, 3. प्रौढ़, 2. वृद्ध

**23.** सार्थक अनुक्रम निम्न है
2. घास, 4. गाय, 1. दूध, 5. दही, 3. लस्सी

**24.** सार्थक अनुक्रम निम्न है
1. लकड़ी, 3. कारखाना, 4. कागज, 5. छापना, 2. किताब

**25.** सार्थक अनुक्रम निम्न है
5. विज्ञापन, 6. आवेदन-पत्र, 2. साक्षात्कार, 3. चयन, 4. नियुक्ति, 1. परिवीक्षाकाल